संघ लोक सेवा आयोग
मुख्य परीक्षा-2020
(सामान्य अध्ययन-III)
मॉडल पेपर-2

निर्धारित समय : 3 घंटे **अधिकतम अंक : 250**

1. कोर इंडस्ट्रीज तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम को परिभाषित करते हुए भारत के औद्योगिक विकास में इनके महत्त्व को रेखांकित कीजिये। **(150 शब्द) 10**
2. "थालिनॉमिक्स (भारत में भोजन की थाली का अर्थशास्त्र) एक ऐसा प्रयास है जिसमें यह परिकलन किया जाता है कि भारत में पौष्टिक थाली के लिए आम आदमी को कितना खर्च करना पड़ता है।" चर्चा कीजिये। **(150 शब्द) 10**
3. बायोरॉक तकनीक क्या है? हाल ही में भारतीय प्राणी विज्ञान सर्वेक्षण (ZSI) द्वारा इस तकनीक का प्रयोग किए जाने के आशय को स्पष्ट करते हुए चर्चा कीजिये। **(150 शब्द) 10**
4. भारत में सुपर कंप्यूटर के क्षेत्र में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा कीजिये। इस क्षेत्र की प्रगति की बाधाओं को भी स्पष्ट कीजिये। **(150 शब्द) 10**
5. एज कंप्यूटिंग क्या है? क्या कारण है कि भविष्य में क्लाउड कंप्यूटिंग के बाद एज कंप्यूटिंग के सबसे अधिक प्रचलन में होने की संभावना जताई जा रही है? **(150 शब्द) 10**
6. "भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र का समग्र विकास निजी क्षेत्र की समग्र भागीदारी के बिना सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है"। इस कथन का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिये। **(150 शब्द) 10**
7. महासागरीय डीऑक्सीजेशन से आप क्या समझते हैं? इसके लिए उत्तरदायी कारणों की चर्चा करते हुए महासागरीय पर्यावरण पर इसके प्रभावों को स्पष्ट कीजिये। **(150 शब्द) 10**
8. 'रन ऑफ दि रिवर' जल विद्युत परियोजनाएँ किस प्रकार आपदा के संभावित खतरों को कम करती हैं? भारत के संदर्भ में चर्चा करते हुए इन परियोजनाओं के अन्य लाभ भी बताएँ। **(150 शब्द) 10**
9. देश में पर्यावरणीय खतरों एवं आपदाओं के प्रभाव को कम करने में भारतीय आसूचना एजेंसियां किस प्रकार भूमिका निभा सकती हैं? कोविड-19 के विशेष संदर्भ में चर्चा कीजिये। **(150 शब्द) 10**
10. "देश को विश्व के साथ जोड़ने के लिए एक मंच के रूप में स्थापित होने वाला सोशल मीडिया आंतरिक चुनौतियों को जन्म देकर राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बनता जा रहा है।" कथन की विवेचना कीजिये। **(150 शब्द) 10**
11. 'रोज़गार विहीन संवृद्धि' क्या होती है? देश में हो रहे ऐसे कुछ विकास कार्यो को पहचानिये जो रोज़गार विहीन संवृद्धि को अंजाम दे रहे हैं? इन्हें दूर करने के कुछ ठोस उपाय सुझाइये। **(250 शब्द) 15**
12. संवर्द्धित वास्तविकता (Augumented Reality) किस प्रकार आभासी वास्तविकता (Virtual Reality) को प्रतिस्थापित करती है? स्पष्ट करते हुए संवर्द्धित वास्तविकता के विभिन्न अनुप्रयोगों की चर्चा कीजिये। **(250 शब्द) 15**
13. महिलाओं को प्रौद्योगिकी और इंटरनेट तक अधिक पहुँच प्रदान करने के साथ-साथ उनके डिजिटल कौशल को बढ़ाने के लिए किये जा रहे प्रयासों की उपलब्धियों एवं चुनौतियों की चर्चा कीजिये। **(250 शब्द) 15**
14. निर्विक योजना (NIRVIK Scheme) के उद्देश्य एवं प्रमुख बिंदुओं की चर्चा कीजिये। **(250 शब्द) 15**
15. राजकोषीय घाटे की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए इसके प्रभावों की चर्चा कीजिये। क्या राजकोषीय घाटा सदैव हानिकारक होता है? विश्लेषण कीजिये। **(250 शब्द) 15**
16. रोबोटिक्स ऑटोमेशन भारतीय शिक्षा व्यवस्था में किस प्रकार नये बदलाव ला सकता है? रोबोटिक्स एवं रोबोटिक्स प्रोसेस ऑटोमेशन हेतु प्रारंभ किये गए भारत सरकार के 'टेक स्टार्टअप प्रोग्राम' के संदर्भ में चर्चा कीजिये। **(250 शब्द) 15**
17. पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अधिसूचना, 2006 में बदलाव लाने हेतु भारत सरकार द्वारा हाल ही में लाया गया पर्यावरणीय प्रभाव आकलन मसौदा, 2020 किस प्रकार पर्यावरण प्रभाव आकलन के मूल प्रावधानों को कमजोर करते हुए पर्यावरण को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है? चर्चा कीजिये। **(250 शब्द) 15**
18. भारत के विभिन्न क्षेत्रों में असममित भू-आकृति लक्षणों के कारण बाढ़ के स्वरुप तथा कारक अलग-अलग हैं। उदाहरणों के साथ चर्चा करते हुए इनके समाधान हेतु विविधीकृत दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता को इंगित करें। **(250 शब्द) 15**
19. जैव आतंकवाद मानव के अस्तित्व के लिए गंभीर संकट की संभावित चुनौतियाँ पेश करता है। इससे निपटने हेतु किये जा रहे प्रयासों की चर्चा करते हुए अपनाए जा सकने वाले उपाय सुझाइये। **(250 शब्द) 15**
20. "नक्सलवाद आज भी भारत की सुरक्षा के लिये बड़ी चुनौती है।" कथन का विश्लेषण कीजिये। **(250 शब्द) 15**

Drishti IAS